## Fourteenth Loksabha

**Session : 7**
**Date : 09-03-2006**
**Participants : Rawat Shri Bachi Singh**

an>

Title : Need to review the criteria of population fixed for construction of roads under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna in tribal and hilly regions of the country.

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) :** महोदय, भारत ग्रामों का देश है। विकसित भारत की कल्पना तभी साकार हो सकती है जबकि देश के ग्रामों को पक्की सडक, बिजली, पानी आदि की बुनियादी सुविधायें मिल सकें।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इसी को दृटिगत रख कर अन्य योजनाओं के साथ प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के नाम से पूरे देश के ग्रामों को पक्की बारहमासी सड़कों से जोड़ने की योजना वा 2000-01 से प्रारंभ की गयी। इस योजना के तहत पहले 1000 से अधिक आबादी के ग्रामों को सड़क से जोड़ा जाना था और फिर 500 से अधिक आबादी के ग्रामों को जोड़ा जाना था और फिर जन-जातीय व पहाड़ी क्षेत्रों की 250 की आबादी या इससे अधिक की आबादी के ग्रामों को जोड़े जाने का मानक तय किया गया था।

परन्तु, मौजूदा सरकार द्वारा जन जातीय व पहाड़ी क्षेत्रों के लिए निर्धारित 250 की जनसंख्या का मानक समाप्त कर दिया गया है। और अब जन-जातीय व पहाड़ी क्षेत्रों के उन्हीं ग्रामों को सड़क से जोड़ा जाना है जिनकी आबादी 500 या उससे अधिक है।

पर्वतीय व जनजातीय क्षेत्रों के ग्राम छोटे-छोटे व दूर-दूर बसे हुए हैं। इनकी आबादी 250 से 300 व 400 तक है। अधिकांश ग्राम 500 की आबादी से कम है। जिससे इस नये मानक के आधार पर जनजातीय व पहाड़ी क्षेत्रों के अधिकांश ग्राम सड़क के लिए हमेशा के लिए वंचित हो जायेंगे।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह ग्रामीण सड़क निर्माण के 500 की आबादी के मानक को जन-जातीय व पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कम से कम 250 की आबादी पर निर्धारित करें, जैसा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किया गया था।